**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2381**
**दिनांक 10 दिसंबर, 2024/ 19 अग्रहायण,1946 (शक) को उत्तर के लिए**

**केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के कार्मिकों के लिए निर्मित आवास**

**2381. श्री तेजस्वी सूर्या:**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) विगत पांच वर्षों के दौरान केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के कार्मिकों के लिए निर्मित आवासों की संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;**
**(ख) क्या उक्त अवधि के दौरान आवासों के प्रावधान के संबंध में संतुष्टि के स्तर में सुधार हुआ है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**
**(ग) उक्त अवधि के दौरान निर्मित बैरकों का वर्ष-वार ब्यौरा और संख्या क्या है?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री नित्यानंद राय)**

(क) पिछले पांच वर्षों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) कर्मियों के लिए कुल 18,874 घरों का निर्माण किया गया है। विवरण इस प्रकार है:

| वर्ष | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|
| निर्मित मकानों की संख्या | 7,039 | 1,991 | 4,072 | 2,492 | 3,280 |

(ख) उक्त अवधि के दौरान आवास संतुष्टि स्तर 42% से बढ़कर 48.89% हो गया है ।

**लोक सभा अतारंकित प्र.सं. 2381, दिनांक 10.12.2024**

(ग) उक्त अवधि में कुल 250 बैरकों का निर्माण किया गया है। विवरण इस प्रकार है:

| वर्ष | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|
| निर्मित बैरकों की संख्या | 56 | 47 | 56 | 40 | 51 |

****